卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राज्जलिराज्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 197 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦24 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## अनियंत्रित होकर कार खाई में गिरने से दो सगे भाइयों की मौत

### शादी की खरीदारी करने निकले थे दोनों भाई,दादा और पोती घायल

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। मुनिकीरेती थाना क्षेत्रांतर्गत गूलर के पास एक ओमनी कार संख्या UK07BG4377 अनियंत्रित होकर 200जि गहरी खाई मे जा गिरी। जिसमें 4 लोग सवार थे। इस दुर्घटना में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। जबकि कार में सवार दादा और उसकी पोती घायल हो गए। दोनों घायलों को एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले विकास और अमित दोनों सगे भाई हैं। अमित का एक मई को विवाह था। खरीददारी के सिलसिले में दोनों भाई गांव से ऋषिकेश बाजार आ रहे थे।जिला पुलिस कंट्रोल रूम टिहरी गढ़वाल से थाना मुनिकीरेती को सोमवार की सुबह करीब 8:30 बजे सूचना मिली की थाना मुनिकीरेती क्षेत्र के अंतर्गत बदरीनाथ हाईवे पर गूलर की ओर जाने वाले संपर्क मार्ग पर एक कार गहरी खाई में गिर गई है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मुनिकीरेती राजेंद्र बिष्ट ने



बताया कि पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद टीम गहरी खाई में उतरी। कार सवार एक व्यक्ति की दुर्घटना घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। तीन अन्य घायलों को 108 सेवा के जरिए एम्स ऋषिकेश में भेजा गया, जहां गंभीर रूप से घायल अमित चौहान (30 वर्ष) पुत्र सूरत सिंह चौहान निवासी ग्राम मुंडाला, पट्टी दोगे मुनिकीरेती, टिहरी गढ़वाल मौत हो गई। इनके बड़े भाई विकास सिंह (37 वर्ष) की दुर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में ग्राम नाई दोगी निवासी गिरधारी सिंह पुत्र नानक सिंह और उनकी पोती मीनाक्षी पुत्री धनवीर घायल हो गए। विकास सिंह और अमित सिंह चौहान दोनों सगे भाई हैं। सोमवार की सुबह वह अपनी इको कार से ऋषिकेश सामान खरीदने आ रहे थे। अमित चौहान का एक मई को विवाह होना था। दादी और पोती ने ऋषिकेश आने के लिए उनसे लिफ्ट मांगी थी। जिस घर में अमित की शादी को लेकर खुशियां थी और तैयारियां हो रही थी अब वहां एक साथ दो मौत से मातम पसर गया। चार भाइयों में विकास सबसे बड़ा और अमित सबसे छोटा था। बता दें कि दो सगे भाइयों की घटना में मौत होने के बाद से परिजनों में जहां कोहराम मच गया है वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## एसडीआरएफ मुख्यालय का सीएम ने किया लोकार्पण

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अब आपदा या अन्य दूसरे रेस्क्यू कामों में तेजी आएगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आज जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास एसडीआरएफ मुख्यालय और अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण किया है। आज सोमवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास नवनिर्मित एसडीआरएफ मुख्यालय और अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम के साथ क्षेत्रीय सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक और विधायक



बृजभूषण गैरोला एवं डीजीपी अशोक कुमार भी मौजूद रहे। इस एसडीआरएफ मुख्यालय और अग्निशमन केंद्र के बनने के बाद अब प्रदेश में रेस्क्यू कार्यों में तेजी आएगी। इसके साथ ही आपदा आने पर पर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी होने से कोई जान नहीं जाएगी। प्रदेश सरकार ने एसडीआरएफ की आवश्यकता महसूस होने पर साल 2014 में एसडीआरएफ का गठन किया था। जिसके बाद जौलीग्रांट एयरपोर्ट के पास थानो वन रेंज की भूमि एसडीआरएफ को उपलब्ध कराई थी। जून 2013 में केदारनाथ में आए भयंकर जलप्रलय को (शेष पेज सात पर)

## राईस मिल एसोसिएशन ने सीएम को भेजा ज्ञापन

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर की राईस मिल एसोसिएशन ने 4 सूत्रीय मांगो को लेकर सीएम को ज्ञापन भेजा है। सोमवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे व्यापारियों ने दिये गये ज्ञापन में बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा साहसिक निर्णय लेकर किसानों को राहत देने के साथ साथ प्रसंस्करण इकाइयों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस में छूट की घोषणा की है। अब प्रसंस्करण इकाइयां किसानों से सीधे उपज खरीद सकेंगी। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का मंडी शुल्क एवं विकास सेस नहीं देना है। उत्तराखण्ड की सभी इस एवं मिल्स एवं प्रसंस्करण इकाइयां कच्चे माल के लिए उत्तर प्रदेश की मंडियों पे निर्भर है ज्यादातर इकाइया उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश की सीमाओं पे स्थापित हैं। ऐसी स्थिति में उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के



मण्डी शुल्क नियमों में मिलता है। इसकी वजह से उत्तराखण्ड के उद्योग प्रतियोगिता नहीं कर पा रहे है एवं बंदी की कगार पहुंच गई है। मांग करते हुये कहा कि निम्न बिन्दुओं पर उत्तराखण्ड की इकाइयों को बचाने कि लिए उत्तर प्रदेश की तर्ज पर हमें छूट देने की कृपा करें। उत्तराखण्ड में भी उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मंडी शुल्क 1.00 प्रतिशत एवं विकास से 05 प्रतिशत कुल 1.50 प्रतिशत किया जाए। (शेष पेज सात पर)

## पुलिस ने 328 गुमशुदा मोबाईल किए बरामद

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। हल्द्वानी पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। लंबे समय से खोए मोबाइलों को एसओजी की टीम ने खोज निकाला है। जिसके बाद आज एसएसपी पंकज भट्ट ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस एसओजी की टीम ने मिलकर कुल 328 मोबाइलों को खोज डाला है। इससे पहले भी नैनीताल पुलिस सैकड़ों लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आ चुकी है। इससे पहले लाखों के मोबाइल अभी तक बरामद कर चुकी है। आज अपना खोया मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया कि कुल 43,31,000 लाख के मोबाइल पुलिस ने ढूंढ निकाले हैं, जिन्हें यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड, दिल्ली समेत कई राज्य से बरामद किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल पंकज भट्ट द्वारा आम जनता के मोबाइल फोन




गुमशुदगी होने की लिखित शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही करने हेतु मोबाइल एप्प को आदेशित किया गया था। मोबाइल एप्प नैनीताल को पुलिस अधीक्षक अपराध / यातायात नैनीताल डॉ जगदीश चन्द्र व अपर पुलिस अधीक्षक नगर हल्द्वानी हरबंश सिंह के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी ऑप्स हल्द्वानी नितिन (शेष पेज सात पर)

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तराखण्ड के प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर आज अपनी मांगों को



लेकर आन्दोलन के प्रथम चरण में बाहों पर काली पट्टी वाधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि आन्दोलन के द्वितीय चरण में जनपद में कार्यरत समस्त फार्मेसिस्ट 28 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में धरना व ज्ञापन देंगे। तृतीय चरण में 1 मई से 6 मई तक पूरे प्रदेश के फार्मेसिस्ट प्रात: 8 बजे से 2 घण्टे का 10 बजे तक कार्य वहिषकार करेंगे। उनगीने बताया आन्दोलन के चौथे चरण में 8 मई से महानिदेशालय पर प्रत्येक जनपद के 5-5 सदस्य क्रमिक अनशन करेंगे। नौ मई को जनपद उधमसिंह नगर के फार्मेसिस्ट महानिदेशालय पर धरने व क्रमिक अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान इमरजेंसी व पोस्टमार्टम ड्यूटी का बहिष्कार करेंगे उन्होंने बताया इसके उपरान्त भी मांगों का समाधान न होने पर पंचम चरण में स्वास्थ्य मशविदेशालय पर 15 मई को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि संघ की प्रमुख मांगो में, आईपीएचएस मानकों में संशोधन कर चिकित्सालयों की आवश्यकता तथा वृहद कार्य दायित्वो के दृष्टिगत फार्मेस के पदों में वृद्धि(शेष पेज सात पर)

## अवैध खनन से लदे वाहन पकड़े

लालकुआं(उद संवाददाता)। वन विभाग की अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही जारी है। परंतु इसके बावजूद भी अवैध उप खनिज की निकासी थमने का नाम नहीं ले रही है। तराई पूर्वी वन प्रभाग की डौली रेंज की टीम को बीती रात्रि गश्त के दौरान लालकुआं किच्छा हाईवे पर शिवम स्टोन के समीप ट्रक संख्या यूपी 63 T-8732 बिना वैद्य प्रपत्र के अवैध रूप से रेता( उप खनिज) लेकर जा रहा था।जिसे वन विभाग की गश्ती टीम ने जांच के दौरान आवश्यक प्रपत्र मांगे तो उसके पास कोई



भी वैध प्रपत्र नहीं मिलें जिसके बाद टीम ने उक्त वाहन को सीज कर रिपोर्ट प्रभागीय वनाधिकारी को भेज दी है।इसके अलावा तराई पश्चिमी वन प्रभाग में रात्रि गश्त के दौरान केलाखेड़ा मोड़ पर वाहन चेकिंग करते समय एक डंपर संख्या यूके 18 सीए, 1601 को जांच के लिए रोका तो वाहन मे प्रपत्र से अधिक खनिज पाया गया वाहन को हलदुआ चौकी परिसर में सुरक्षित खड़ा किया गया। टीम में हेमचंद सुयाल, अजय कुमार, मनमोहन सिंह वन आरक्षी 2 एक्स आर्मी मैन व चालक आदि थे ।

## केदारनाथ धाम में अचानक बिगड़ी दो लोगों की तबीयत, एयरलिफ्ट कर पहुंचाया फाटा

रूद्रप्रयाग। केदरानाथ धाम में अचानक से दो लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। दोनों को जल्द से पवनहंस के हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट कर फाटा पहुंचाया गया।बाबा केदार के कपाट कल खुलने जा रहे हैं। जिसके दो दिन पहले धाम में दो लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ गई। इस से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद दोनों लोगों को पवनहंस के हेलीकॉप्टर से एयर लिफ्ट किया गया। एयर लिफ्ट कर दोनों को फाटा पहुंचाया गया। अचानक से दोनों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत एयरलिफ्ट कर फाटा ले जाया गया। फाटा में दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद इन्हें गुप्तकाशी अस्पताल भेजा गया। जहां उनका ईलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों का स्वास्थ्य अब ठीक है। मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को राजेश स्वामी व नरेश रावत अपने कारोबार को लेकर यहां काम कर रहे थे।इसी दौरान उनकी अचानक से तबीयत बिगड़ गई। दोनों का ऑक्सीजन लेवल कम हो गया। जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत



लालकुआं। नगर के 25 एकड़ वर्कर कालोनी झोपड़ पट्टी निवासी युवक की पंतनगर मार्ग पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार 25 एकड़ वर्कर कालोनी झोपड़ पट्टी निवासी विपुल तिवारी पुत्र वी एन तिवारी उम्र लगभग 26 वर्ष जो कि टाटा कंपनी में बतौर ठेका श्रमिक कार्यरत था। विपुल तिवारी और उसका एक दोस्त बाइक से (शेष पेज सात पर)

वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

मकान बिकाऊ

भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
मो. 7017360462

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


# गोल्ड व्यवसाय में ऑनलाइन निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## वाट्सएप मैसेज कर साईबर ठग ने एक महीने में करोड़ों रुपये ठगे, गिरोह के तार हांगकांग एवं सिंगापुर तक जुड़े

देहरादून(उद संवाददाता)। निजी कंपनी में काम करने वाले दून के एक व्यक्ति से गोल्ड व्यवसाय में निवेश करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने साढ़े 22 लाख रुपये ठग लिए। गिरोह के मास्टरमाइंड को उत्तराखंड पुलिस की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। गिरोह अपना पूरा नेटवर्क गोल्ड ट्रेडिंग एप के माध्यम से चलाता है। गिरोह के तार हांगकांग एवं सिंगापुर तक जुड़े होने की जानकारी मिली है। इसके लिए एसटीएफ जांच में जुटी है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार, दीपक कुमार निवासी बलबीर रोड ने शिकायत दी थी कि उन्हें दिसंबर 2021 को एक अज्ञात युवती का वाट्सएप मैसेज मिला था। युवती ने खुद को भारतीय कंपनी 'फिनाहब प्राइवेट लिमिटेड' का कर्मचारी बताया और आनलाइन माध्यम से गोल्ड व्यवसाय में निवेश कर बेहतर मुनाफे का झांसा दिया। दीपक के हामी भरते ही ठगों ने उन्हें घेरना शुरू कर दिया और 15 से 30 दिसंबर 2021 के बीच 22 लाख 48 हजार रुपये अपने विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। ठगों ने दीपक के फोन पर एक एप भी डाउनलोड करवाया, जिसमें निवेश के मुनाफे की जानकारी मिल रही थी। इसमें दीपक के खाते में मुनाफे समेत 84 लाख रुपये नजर आ रहे थे, लेकिन जब उन्होंने धनराशि निकालने की कोशिश की तो वह नहीं निकल पाई। कुछ दिन बाद उनका खाता ब्लाक कर दिया गया। जब उन्होंने आरोपितों से संपर्क करने की कोशिश की तो सभी के मोबाइल नंबर बंद आ रहे थे। इस मामले में दीपक कुमार ने 24 नवंबर 2022 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच इंस्पेक्टर त्रिभुवन रौतेला को सौंपी गई। पुलिस ने जब ठगी में इस्तेमाल मोबाइल नंबर और खातों की जानकारी हासिल की तो पता चला कि सभी खाते लातूर, महाराष्ट्र के हैं। ऐसे में एक टीम को महाराष्ट्र भेजा गया। पुलिस टीम ने




वेबसाइट निर्माता, बैंक खाता संचालक, हवाला परिचालन की जानकारी जुटाई तो उन्हें महाराष्ट्र के एक व्यक्ति के बारे में साक्ष्य हाथ लगे। इस पर शनिवार को इंस्पेक्टर त्रिभुवन रौतेला, एसआइ राहुल कापड़ी समेत टीम ने प्रवीन रामचंद्र निवासी लातूर, महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित ठगी की रकम रखने के लिए बैंक खाता खोलने में अहम भूमिका निभाता था। आरोपित से एक मोबाइल, दो सिम, एक पेनकार्ड, एक आधार कार्ड बरामद हुआ। एसएसपी के अनुसार, गिरोह के सदस्य पहले आमजन के वाट्सएप नंबर पर मैसेज भेजते हैं। जिसमें वह गोल्ड में निवेश करने पर कई गुना अधिक मुनाफा अर्जित करने का झांसा देते हैं। जब कोई इनके जाल में फंस जाता है तो गिरोह के सदस्य उसके मोबाइल पर गोल्ड ट्रेडिंग एप डाउनलोड करवाते हैं। विश्वास जीतने के लिए ठग संबंधित व्यक्ति से पहले छोटा निवेश कराते हैं।उक्त एप के माध्यम से उसके खाते में निवेश के एवज में अच्छा मुनाफा दर्शाया जाता है। ठग व्यक्ति को वाट्सएप मैसेज भेजते हैं कि फिलहाल धनराशि नहीं निकाली जा सकती है। यदि धनराशि निकालनी है तो और निवेश करना होगा। ऐसे में वह फिर मुनाफे की रकम निकाने के चक्कर में और बड़ा निवेश कर देता है। रकम मिलने के बाद ठग अपने नंबर बंद कर देते हैं।एसटीएफ की जांच में पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपित प्रवीन ने एक महीने में देश में अलग-अलग व्यक्तियों से करोड़ों रुपये ठगे हैं। ठग ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर पांच करोड़ रुपये की राशि को ठिकाने लगाने में मदद की है। इस गिरोह के तार हांगकांग एवं सिंगापुर तक जुड़े हुए हैं। एसटीएफ गिरोह के बारे में और जानकारी जुटा रही है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि वह किसी भी प्रकार के लोक लुभावने अवसरों, फर्जी वेबसाइट और धनराशि दोगुना करने व आनलाइन निवेश कराने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें। किसी भी प्रकार का आनलाइन भुगतान करने से पूर्व वेबसाइट का पूर्ण वेरीफिकेशन स्थानीय बैंक, संबंधित कंपनी से भली भांति इसकी पड़ताल अवश्य करा लें। गूगल से किसी भी कस्टमर केयर नंबर सर्च न करें। कोई भी शक होने पर तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। वित्तीय साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 नंबर पर संपर्क करें।

# एमबीपीजी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरू



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मोतीराम बाबूराम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित अंतर संकाय एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने उपस्थित होकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एनएस बनकोटी, पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर कोरंगा, भाजपा नेता कपिल अग्रहरि, छात्र संघ अध्यक्ष रश्मि लमगड़िया, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हादसे से पहले कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया, डीएम व एसपी ने जताया दुख

रूद्रप्रयाग। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित व पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि इस हादसे को भुलाया नहीं जा सकता। बीते वर्ष केदारनाथ यात्रा के संपन्न होने के एक सप्ताह पहले हेलिकॉप्टर क्रैश में सात लोगों की मौत हो गई थी। अब, यात्रा शुरू होने से दो दिन पहले दर्दनाक हादसे ने पुरानी यादें ताजा कर दी हैं। यूकाडा के वित्त नियंत्रक अमित सैनी ने रविवार को केदारनाथ पहुंचकर आधा घंटे तक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। धाम से वापसी के दौरान वे दो बार पीछे मुड़कर जीएमवीएन कर्मचारियों से भी मिले। केदारनाथ में मौजूद जीएमवीएन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुदर्शन सिंह खत्री ने बताया कि हादसे को देखकर ऐसा लगा कि मानो मौत का फरमान आया था। खत्री ने बताया कि अमित सैनी, पर्यटन सचिव रवि शंकर और जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे लगभग पौने दो बजे केदारनाथ पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जीएमवीएन कर्मचारियों से मुलाकात की।करीब 30 मिनट बाद ये अधिकारी वापसी के लिए हेलिपैड की तरफ आए और हेलीकॉप्टर की तरफ आगे बढ़ गए। अमित सैनी अचानक हेलिकॉप्टर के पीछे की तरफ जाने लगे। इस पर हेलिपैड के किनारे खड़े जीएमवीएन के क्षेत्रीय प्रबंधक व अन्य लोगों ने उन्हें आवाज दी लेकिन हेलिकॉप्टर के शोर के बीच यह उनके कानों तक नहीं पहुंची। इसी दौरान अमित हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि वे एक ऊर्जावान व हंसमुख अधिकारी थे।

# पृथक विकासखंड की मांग को लेकर कांडा क्षेत्र के लोग मुखर

## नीति आयोग से दिल्ली जाकर भेंट करेगी संघर्ष समिति

बागेश्वर(उद ब्यूरो)। कांडा तहसील क्षेत्र के बागेश्वर-पिथौरागढ़ सीमावर्ती क्षेत्र के बाशिंदों ने कांडा क्षेत्र में ब्लाक बनाए जाने की मांग तेज कर दी है। उन्होंने राज्य सरकार से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को सुविधा के लिए जिला मुख्यालय के बजाय कांडा धरमघर क्षेत्र के लोगों के लिए कांडा में ब्लाकबनाए जाने की मांग की है। ग्रामीण क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के लिए ब्लॉक जिला मुख्यालय होने से गाँवो के विकास के लिए साठ से अस्सी किमी की दूरी तय करने से विकास कार्य अवरुद्ध होने की बात कही। वही जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों को स्वीकृत कराने के लिए बागेश्वर आने में एक दिन लगने। काम कराने के लिए होटल में रात्रि विश्राम करने से हजारों रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे है। जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास प्रभावित हो रहा है।वही कार्ययोजनाओं को दर्ज कराने, योजनाओं का आंकलन बनाने,ऑनलाइन योजनाए दर्ज करने,सहित विभिन्न कार्यो के लिए अधिक समय और धन खर्चा करना पड़ता है।वही पूर्व में भी ब्लाक गठन की प्रक्रिया हुई पर शासन द्वारा केंद्र सरकार को भेजी गई संस्तुति को केंद्र सरकार की सहमति का इंतजार है। ब्लाक बनाओ संघर्ष समिति द्वारा बैठक कर जल्द कांडा को ब्लाक बनाए जाने की मांग की गई।वही सात मई को कांडा डाकबंगले में क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत जिला पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण गया।संघर्ष समिति अध्यक्ष एड.भंडारी ने कहा 182 ग्राम पंचायतों वाला बागेश्वर सबसे बड़ा ब्लाक हैं। जबकि 15 ग्राम पंचायतों में भी उत्तराखंड के ब्लांक बने हैं। कांडा को अंग्रेजी शासन में ब्लांक बनाया गया था। इतने बढ़े ब्लाक होने का खामियाजा सूदूरवर्ती गांवों को भुगतना सरकार को पृथक विकासखंड की मांग को पूरा करना होगा।तन मन धन से पृथक विकासखंड की मांग आगे बढ़ाना एकमात्र मकसद है।जिन उद्देश्यों को लेकर समिति गठित की गई है।उसे पाकर ही रहने का संकल्प लिया गया।बैठक का संचालन सुरेश सिंह रावत ने



बैठक रखी गई है। पृथक विकासखंड की मांग को लेकर कांडा तहसील के भद्रकाली मंदिर में संघर्ष समिति अध्यक्ष एड.गोविंद सिंह भंडारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।जिसमें पृथक विकासखंड की मांग को लेकर मंत्रणा की गई।ब्लाक बनाए जाने तक आंदोलन कर संघर्ष हमेशा जारी रखने का निर्णय लिया पड़ रहा हैं। अब कांडा ब्लाक का गठन होना आवश्यक हैं।सचिव सुरेश सिंह रावत ने कहा कि विकास की बयार घर घर पहुंचाने के लिए छोटी छोटी इकाइयों का गठन होना जरूरी हैं। कांडा तहसील के सूदूरवर्ती गांवों के जनप्रतिनिधियों को 65 से 70 किमी दूर बागेश्वर जाना पड़ता हैं। तब भी कार्य नहीं हो पाता है । अत: किया।इस मौके पर पृथक विकासखंड संघर्ष समितिके एड. महिप किशोर, डां उमेश दुबे, महेश राठौर सूरज कुमार राजेंद्र सिंह राठौर, पंकज डसीला, लाल सिंह रावत, गिरधारी सिंह रावत, राजेंद्र भंडारी, सोहन सिंह भंडारी महेश परिहार भुवन चंद्र बचखेती ,मनोज जोशी प्रदीप जोशी मौजूद रहे।

# चैकिंग के दौरान कार से 12 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद

रुद्रप्रयाग। चैकिंग के दौरान रूद्रप्रयाग पुलिस ने गुप्तकाशी-केदारनाथ यात्रा मार्ग पर एक कार से 12 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ संबधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद पुलिस लगातार संधिग्धों की तलाश में लगातार चौकिंग अभियान चला रही है। चौकिंग के दौरान पुलिस नैमाडी-गुप्तकाशी-केदारनाथ यात्रा मार्ग में एक काले रंग की सेंट्रो कार संख्या- यूके 13-1124 से एक पेटी एमएलडी



व्हिस्की के 48 पव्वे, दो पेटी एमएलडी व्हिस्की के 48 पव्वे, पांच पेटी में सोलमेट व्हिस्की के 240 पव्वे तथा चार पेटी सोलमेट व्हिस्की के 96 पव्वे (कुल 12 पेटी विदेशी मदीरा) बरामद की। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कियाय है। जिनके नाम नागचंद पुत्र कुंदन, निवासी बधाणीताल तहसील जखोली व जितेंद्र सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी मक्कूमठ तहसील ऊखीमठ बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि पकड़ी गयी अवैध शराब गुप्तकाशी, गौरीकुंड आदि स्थानों में अवैध बिक्री के लिए ले जायी जा रही थी।

# पूरे देश में हो रहा प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन : अजय भट्ट

## काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्वर्धा का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। गत दिवस काशीपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्वर्धा का आयोजन किया गया। आयोजन में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल-ऊधम सिंह नगर लोकसभा के सांसद अजय भट्ट ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। श्री भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरगामी सोच के आधार पर पूरे देश में प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हो रहा है। आज हमारे देश ने विश्व स्तर पर कई खेलों में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने सांसदों को जिम्मेदारी सौंपी है कि अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिभाओं को ढूँढे। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया खेलो के अंतर्गत ऐसे खिलाड़ी जिनके भीतर प्रतिभा तो हैं किन्तु साधन एवं संसाधनों की कमी से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं ऐसे खिलाड़ियों को चयनित करने में काफी सहायता मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों का आज यह चयन होगा वे उच्च स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज भारत की प्रतिभाएं पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रही हैं। श्री भट्ट ने खिलाड़ियों के बीच पहुँच कर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान मुख्यातिथि ने बैडमिंटन, बॉलीबॉल में हाथ आजमाइश कर खेल का आनंद लिया।क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि सांसद खेल स्वर्धा कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं पुरूष वर्ग की ओपन क्रॉस-कंट्री दौड़, सब जूनियर वर्ग में 200 व 400 मीटर की दौड़, कबड्डी, खो-खो, बॉलीबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, बॉक्सिंग आदि खेलों का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी विकास खण्डों से विभिन्न श्रेणियों में लगभग 700-800 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर ऊषा चौधरी, रामपाल सिंह, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, प्रदेश महामंत्री भाजपा खिलेंद्र चौधरी, सीमा चौहान, राम मेहरोत्रा, सांसद खेल स्वर्धा के संयोजक कमल भट्ट, कोच मोहित सिंह, मोहित रावत, सीमा रावत, महिमा भण्डारी, रजवन्त कौर, आनन्द सिंह बोरा, दयाल सिंह, चन्दन नेगी, रमेश खर्कवाल, नीरज सिंह, मो0 आमीर पूरन पाण्डे आदि उपस्थित थे।







## भाईचारा एकता मंच ने कोतवाल राठौर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच की महिला पदाधिकारियों ने रुद्रपुर कोतवाली के तेजतर्रार कोतवाल विक्रम राठौर को उनके जन्मदिन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर रुद्रपुर कोतवाली में तैनात तेजतर्रार कोतवाल विक्रम राठौर ने भाईचारा एकता मंच के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे हैं समाज सेवा के कार्यों की सराहना की। आपको बताते चलें कि रुद्रपुर कोतवाली में तैनात कोतवाल विक्रम राठौर सरल स्वभाव के मिलनसार



एवं तेजतर्रार पुलिस अधिकारियों में जाने जाते हैं ।उनकी शहर ही नहीं पूरे उत्तराखंड में अलग पहचान है। शहर के विभिन्न लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं इसी क्रम में भाईचारा एकता मंच की महिला प्रदेश महामंत्री रेनू जुनेजा ,महिला जिलाध्यक्ष ताप्ती राय संगठन की प्रदेश संयोजिका सुमन पंत, जिला उपाध्यक्ष गीता सिंह, भाईचारा एकता मंच की कार्यालय प्रभारी सीमा विश्वास, संगठन की महिला महानगर अध्यक्ष नीलम अग्रवाल ने कोतवाली पहुंचकर शॉल ओढ़ाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर कोतवाल विक्रम राठौर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

खटीमा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा खटीमा उत्तराखंड ने भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव पर अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम



जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया । पंडित गेंदालाल के नेतृत्व में जिस के मुख्य अतिथि पंडित सुरेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में जी प्रजापत परशुराम संवाद श्री कृष्ण सुदामा और अन्य झांकी कलाकारों ने प्रस्तुत की। झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया परशुराम जयकारों के साथ पूरा वातावरण गुंजायामान हो उठा। इस अवसर पर अचल शर्मा प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री गेंदालाल निरंजन प्रदेश संगठन मंत्री श्री पीपी मिश्रा नगर संरक्षक श्री राहुल शर्मा नगर अध्यक्ष अजय त्रिवेदी नगर महामंत्री ऋषि भारद्वाज जिला महासचिव रविंद्र शर्मा रुद्रपुर महा अध्यक्ष नितिन कौशिक जिला महासचिव संजीव भारद्वाज श्रीमती सरिता शर्मा श्रीमती पार्वती शर्मा श्रीमती श्वेता मिश्रा श्रीमती ममता शर्मा श्रीमती कविता शर्मा अदि लोग उपस्थित थे।

## परशुराम जयंती पर प्रसाद वितरित किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरु अंगद देव कंपलेक्स के पास परशुराम चौक ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित परशुराम जयंती के अवसर पर लंगर वितरित किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय ठुकराल ने वहां पहुंचकर भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक ब्राह्मण समाज द्वारा समाजसेवी संजय ठुकराल को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी संजय ठुकराल ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की । उन्होंने कहा कि



भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान-पुण्य कभी क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इस दौरान वहां पर लंगर का प्रसाद का वितरण हुआ । कार्यक्रम में मुकेश वशिष्ठ, योगेश शर्मा, संदीप मिश्रा, इंद्रेश मिश्रा, पदम शर्मा, सुनील शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी, आदेश मिश्रा, श्वेता मिश्रा, नवीन नैनवाल, योगेश त्रिपाठी, विपिन जोशी, अमित गौड़, राज मिश्रा, श्याम नारायण तिवारी, रमाकांत शर्मा, गौरव त्रिपाठी, केके त्रिपाठी, मोंटी वाधवा, गगन ग्रोवर आदि लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुर में अल्ट्रासाउंड मशीन का शुभारंभ

जसपुर(उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुर में 29 लाख 99 हजार रुपए (उन्नतीस लाख निन्यानवे हजार) की कीमत का अल्ट्रासाउंड मशीन का फीता काटकर शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया। श्री भट्ट ने कहा कि पूर्व में जसपुर की जनता को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए ईधर उधर भटकना पड़ता था और काफी महंगा भी पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब जसपुर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सांसद निधि से नई तकनीक की अल्ट्रासाउंड मशीन लग जाने से जसपुर की जनता को अब कहीं दूर जाकर हजारों रुपए से अल्ट्रासाउंड कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यहाँ अल्ट्रासाउंड मशीन से







गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क व अन्य किसी का अल्ट्रासाउंड न्यूनतम शुल्क पर किया जाएगा। श्री भट्ट ने अल्ट्रासाउंड मशीन को क्षेत्रीय जनता को समर्पित करते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि पूर्ण मनोयोग से कार्य करें जिससे कि जनता को अनावश्यक इधर उधर न भटकना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि चिकित्सकों की कमी है तो उसे शीघ्र दूर किया जाएगा। इस दौरान श्री भट्ट ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत दीप्ति, शाहीन, मौना व नीनी को किट, क्षय मित्रों शर्मा देवी, राकेश कुमार व शाकिब को पोषण किट एवं कुसुम, समरीन, अंजली मीनाक्षी व कनिका को परिवार नियोजन किट देकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष अनुसूचित आयोग राज्यमंत्री मुकेश कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा गुँजन सुखीजा, पूर्व विधायक डॉ शैलेन्द्र मोहन सिंघल, प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, सीएमओ डॉ मनोज शर्मा, कमल चौहान, खड़क सिंह चौहान, महेश प्रजापति, तरुण गहलौत, अशोक खन्ना, राजकुमार चौहान, राजकुमार गुम्बर, गौतम गिरी आदि उपस्थित थे।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us 98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# भगवान परशुराम की जयंती पर विशाल भंडारा आयोजित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर शहर के परशुराम चौक पर धूमधाम से मनाई गयी। इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। ब्राम्हमण सभा की ओर से आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ एवं सीडीओ विशाल मिश्रा ने संयुक्त रूप दीप जलाकर किया। इस दौरान पूजा अर्चना के साथ ही विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान परशुराम हमारे प्रेरणास्रोत हैं उनके आदर्शों से समाज को सीख लेनी चाहिए। विधायक ने विधायक निधि से परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण कराने और चौक पर परशुराम भगवान का फरसा स्थापित कराने की घोषणा की। साथ ही मेयर जायेगी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परशुराम जी, भगवान शिव के बहुत बड़े भक्त थे थे। जब वे छोटे थे तभी से वे एक गहन शिक्षार्थी थे और वह सदैव अपने पिता ऋषि जमदग्नी की आज्ञा मानते थे। भगवान परशुराम का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ था,लेकिन उनका छठेअवतार भगवान परशुराम भी हैं। परशुराम भगवान विष्णु के आवेशावतार थे। उनका जन्म भगवान श्रीराम के जन्म से पहले हुआ था। मान्यता है कि भगवान परशुराम का संदीप मिश्रा, राहुल तिवारी, सुनील शर्मा, अंजुल त्यागी, सुभाष शर्मा, अजय तिवारी, अतुल पांडे, मोहन तिवारी, अनुज पाठक, देव मैनन, राजबहादुर शर्मा, श्वेता मिश्रा, मुकेश





रामपाल सिंह ने कहा कहा कि आवास विकास स्थित परशुराम पार्क का सौंदर्यीकरण करने के साथ ही वहां पर नगर निगम की ओर से भगवान परशुराम की विशाल मूर्ति स्थापित की और उन्हें शिव जी से एक फरसा वरदान के रूप में प्राप्त था। यही कारण है की उनका नाम परशुराम है। शिवजी ने उन्हें युद्ध कौशल भी सिखाया। वे ऋषि जमदग्नी व रेणुका देवी के पुत्र स्वभाव और गुण क्षत्रियों जैसा था। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार सात ऐसे चिंरजीवी देवता हैं, जो युगों-युगों से इस पृथ्वी पर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक भगवान विष्णु के जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन-रात्रि के प्रथम प्रहर में हुआ था।इसी लिए अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम जयंती मनायी जाती है। इस बवसर पर पदम शर्मा,इंद्रेश मिश्रा, शर्मा, स्नेह पाल, निखलेश शांडिल्य, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, सीपी शर्मा, संजय उपाध्याय, श्रीनिवास शर्मा, केके त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# तीन पिस्टल व एक तमंचा समेत चार बदमाश गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन चुके चार बदमाशों को पुलिस ने किच्छा में तीन पिस्टल तथा एक तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों बदमाश पिछले काफी समय से लोगों को धमकी देकर आतंक फैला रहे थे। उन्होंने बताया 22 अप्रैल को शुभ शर्मा पुत्र सतीश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 6 जगतपुरा, ट्रांजिट कैंप द्वारा थाना ट्रांजिट कैंप में दी गई तहरीर में गगन रतनपुरिया व अन्य के द्वारा उसके तथा उसके पिता राजेश शर्मा के साथ गाली गलौज हाथापाई करने तथा जान से मारने की धमकी देने व तमंचा दिखाने संबंध ी आरोप लगाए गए थे। जिस पर पुलिस ने आरोपियों गगन रतनपुरिया आदि के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया। साथ ही उनकी गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। उन्होंने बताया जांच के दौरान गगनदीप सिंह द्वारा शुभ के पिता प्रातेश शर्मा पर पिस्टल से फायर करने की पुष्टि हुयी। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अभियुक्तगण गगनदीप सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी वीरू नगरा थाना किच्छा, जगदीश सिंह पुत्र विनोद कुमार निवासी माधवपुर गगनदीप सिंह के घर ग्राम वीरूनगला कोतवाली किच्छा से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से तीन पिस्टल 32 बोर, एक तमंचा 315 बोर,चार जिंदा कारतूस 32 बोर व एक खोखा आरोपियों से पिस्टल व तमंचा बरामद हुए हैं। पता लगाया जाएगा इन्हें हथियार कौन देता है। पुलिस टीम में सीओ ओमप्रकाश, थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा, आवास विकास चौकी प्रभारी नीमा बोहरा, एसआई प्रदीप



थाना बहेड़ी, जिला बरेली, विजय यादव पुत्र होरीलाल निवासी गैस एजेंसी के पास थाना किच्छा तथा कौशल शर्मा पुत्र राकेश शर्मा निवासी जगतपुरा वार्ड नंबर 6 थाना ट्रांजिट कैम्प को अभियुक्त कारतूस 32 बोर बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि गगनदीप पर नौ व कौशल पर ग्यारह आपराधिक मामले दर्ज हैं। गगनदीप तो कुछ दिन पूर्व ही जेल से बाहर आया है। श्री कत्याल ने बताया कि गिरफ्तार पंत, धीरज टम्टा, प्रकाश भट्ट, ललित चौधरी, पूरन सिंह का. दिनेश चंद्र, महेंद्र डंगवाल, पंकज सजवान व चंदन आदि शामिल थे। एसएसपी ने टीम को दो हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है।

# कामरेड चंद्र सिंह गढ़वाली व चारू मजूमदार को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।23 अप्रैल के पेशावर विद्रोह दिवस है और 22 अप्रैल के भाकपा (माले) की स्थापना की 54वीं वर्षगांठ पर भाकपा माले हल्द्वानी ब्रांच की आयोजित बैठक में पेशावर विद्रोह के नायक कामरेड चंद्र सिंह गढ़वाली, भाकपा माले के संस्थापक महासचिव कामरेड चारु मजूमदार और पार्टी के सभी संस्थ्थापक नेताओं समेत सभी साथियों को श्रद्धांजलि दी गई। भाकपा माले के नैनीताल जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि 23 अप्रैल 1930 को कामरेड चंद्र सिंह गढ़वाली के नेतृत्व में ब्रिटिश फौज की गढ़वाली टुकड़ी ने देश



की आजादी की लड़ाई लड़ रहे निहत्थे मुस्लिम पठानों पर गोली चलाने के आदेश पर अमल करने से इंकार कर दिया था। यह बहुत विराट फलक का विद्रोह था जिसने अंग्रेजी हुकूमत की हिन्दू-मुस्लिम एकता को भंग कर फूट डालो और राज करो की नीति पर गढ़वाली के नेतृत्व में सैनिकों ने एक करारा प्रहार कर इतिहास रच दिया था। आज मौजूदा हुक्मरान राष्ट्र के नाम पर मजहबी उन्माद भड़काने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। हर मुद्दे का जिस तरह से साम्प्रदायिकरण किया जा रहा है ऐसे समय में कामरेड चंद्र सिंह गढ़वाली और साथियों के पेशावर विद्रोह का ऐतिहासिक महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि, धार्मिक और भाषायी सीमाओं से ऊपर उठ कर जनता के सभी तबकों में एकता और एकजुटता के बंधन को मजबूत करना बहुत जरूरी है। बैठक में जोगेंदर लाल, दीपक कांडपाल, धन सिंह गड़िया, मनोज आर्य, देवेन्द्र, मुकेश जोशी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# मजदूर एकता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मई दिवस आयोजन संयुक्त समिति ने



हल्द्वानी मे आगामी 1 मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर एकता दिवस आयोजित करने के लिए एक बैठक की गई । अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस को आयोजन करने में कई संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन ,जनवादी लोक मंच,चालक संघ, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, प्रगतिशील भोजन माता संगठन, परिवर्तनकामी छात्र संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र सहित कई संगठन शामिल थे। कई संगठनों व ट्रेड यूनियनों ने भी कार्यक्रम में लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी कराने का निर्णय लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मई दिवस का कार्यक्रम 1 मई को बुध पार्क तिकोनिया में आम सभा शाम 4 बजे से आयोजित किया जाएगा। बैठक में मनोज पांडे , राजेंद्र नेगी, आनंद सिंह जीना, सुरेंद्र सिंह रावत, मोहन मटियाली, मनीष जोशी, हेमचंद्र,टीआर पांडे, चंदन, राजनी , महेश, जगदीश कांडपाल, विपिन सक्सेना, कैलाश आदि कई लोग उपस्थित थे। जिसमें एक्टू से कैलाश पांडे, एलआईसी से मनोज गुप्ता, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी से दीवान सिंह खन्नी, उत्तराखंड देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ से राहत मसीह सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण समर्थन दिया।

# फरार दो वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुर। अवैध कच्ची शराब एवं चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक मोहल्ला जसपुर खुर्द पाकीजा कानूनी निवासी नासिर पुत्र अमीर अहमद 138 एन आई एक्ट के एक मामले में पिछले लंबे समय से फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह अवैध कच्ची शराब के एक अन्य मामले में गड्ढा कॉलोनी निवासी मान सिंह पुत्र सतनाम सिंह की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस ने फरार चल रहे दोनों वारंटियों को सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# गरुड़ चट्टी में खुले अंग्रेजी शराब ठेके के विरूद्ध संतो ने दिया धरना

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। अपने आश्रम मठ मंदिर गुफाओं और कुटियाओं में भजन कीर्तन कर साधना करने वाले संतो ने नीलकंठ मार्ग पर स्थित गरुड़ चट्टी में खुले अंग्रेजी शराब ठेके के विरूद्ध ठेके के बाहर धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया। साथ ही उन्होंने सड़क मार्ग को चक्का जाम कर बाधित कर दिया गया है। अखिल भारतीय संत समिति के महामंडलेश्वर स्वामी दया रामदास, महंत रवि प्रपन्नाचार्य, जगन्नाथ आश्रम के महंत लोकेश दास के नेतृत्व में जनपद पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत नीलकंठ मार्ग पर गरुड़ चट्टी में खुले सरकारी शराब के ठेके के विरोध में संतो ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार रविवार को धरना दिया। इस दौरान संतो ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि एक और भाजपा की सरकार अपने आपको राम भक्त कहलाने का दावा करती है, वहीं दूसरी और पूरे उत्तराखंड में जगह जगह शराब के ठेके खोलकर देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं को नशे में झोंकने का काम रही है। जिससे देव भूमि की गरिमा को ठेस पहुंच रही है। जिसके विरोध में संत कई बार सरकार को ज्ञापनों के माध्यम से चेतावनी भी दे चुके हैं। जिनके द्वारा दिए गए ज्ञापन का संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी ने गरुड़ चट्टी में खोले गए ठेके को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के निर्देश भी दिए थे ।उसके बावजूद भी इसी स्थान पर ठेके में खुलेआम शराब बेची जा रही है, जिसके कारण नीलकंठ महादेव पर जल चढ़ाने जाने वाले तीर्थ यात्रियों की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। इतना ही नहीं इस ठेके के गरुड़ चट्टी में खुलने के बाद राफ्टिंग करने वाले पर्यटक भी शराब पीकर गंगा में अश्लील हरकतें करते हुए गंगा जी में शोर मचा रहे हैं। जिससे गंगा किनारे आश्रमों कुटियाओं ,मठ मंदिरों में भजन कीर्तन और तप करने वाले संतो की साधना बाधित हो रही है। संतो ने चेतावनी दी कि जब तक गरुड़ चट्टी में खुला ठेका बंद नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। अगर इसके बावजूद भी सरकार नहीं चेती तो संत अन्न जल के साथ अपने प्राण भी त्याग देंगे। धरना देने वाले संतों में स्वामी अखंडानंद ,महंत छोटन दास,




स्वामी श्यामसुंदर दास, स्वामी प्रमोद दास, स्वामी महावीर दास , स्वामी शिव स्वरूप दास, स्वामी रामकृष्ण दास, स्वामी योगाचार्य ,स्वामी चिन्मयानंद, स्वामी रामदास, स्वामी रघुनाथ दास, के अलावा कमल सिंह, सुरेंद्र नेगी, पुरुषोत्तम तिवारी, प्रधान नैन सिंह, प्रधान चंद्र, प्रधान आशीष थलवाल, विनोद भंडारी, स्वयंवर सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लोकसेवकों का दायित्व

सरकारी धन के दुरुपयोग की एक लंबी श्रृंखला है।जनतंत्र में लोकसेवकों की जिम्मेदारी सबसे अहम मानी जाती है। इसलिए कि यही विधायिका के निर्णयों को क्रियान्वित करते, योजनाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद और सार्वजनिक धन का समुचित उपयोग सुनिश्चित करते हैं। इसलिए लोकसेवा दिवस पर प्रधानमंत्री ने लोकसेवकों से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार दें।वे हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं, अपने दल के विस्तार में या वोट बैंक बनाने के प्रयास में वे उसे लुटा रही हैं। जाहिर है, उनका इशारा उन सरकारों की तरफ था, जो मुफ्त की सेवाएं और सुविधाएं देकर अपना जनाधार बढ़ाने का प्रयास करती देखी जाती हैं।यह प्रवृत्ति पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ी है। अब चुनावों में हर राजनीतिक दल बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि मुफ्त में उपलब्ध कराने के बढ़-चढ़ कर दावे करता देखा जाता है। कई राज्यों में इस पर अमल भी हो रहा है। यह काम वे सरकारें भी कर रही हैं, जो खासे वित्तीय संकट से गुजर रही हैं। मगर सवाल है कि क्या प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता से यह प्रवृत्ति वास्तव में रुक जाएगी। सरकारी धन के दुरुपयोग की एक लंबी शृंखला है। उसमें अनाप-शनाप खर्चे भी शामिल हैं। अनेक बार रेखांकित किया जा चुका है कि राजनेताओं को दिखावे और तड़क-भड़क वाला जीवन जीने से परहेज करना चाहिए। उन्हें अपने खर्चों को सीमित करने पर ध्यान देना चाहिए। मगर चुनाव खर्च से लेकर निजी जीवन तक उनके खर्चे में कहीं भी कोई कमी नजर नहीं आती।यही बात प्रशासनिक अधिकारियों के मामले में देखी जाती है। इस तरह सरकारी खजाने का बड़ा हिस्सा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की सुविधाएं जुटाने पर खर्च हो जाता है। फिर लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा इसी मकसद से की जाती है कि लोग अगले चुनाव में भी उन्हें ही चुन कर सत्ता तक पहुंचाएंगे। हर चुनावी वर्ष में लुभावनी योजनाओं की झड़ी-सी लग जाती है।इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं है। फिर तर्क दिए जाते हैं कि जन कल्याण के लिए योजनाएं शुरू करना या पुरानी योजनाओं को विस्तार देना, उनके मद में धन का आबंटन बढ़ाना एक कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सत्ता पक्ष का हाथ रोकना आसान नहीं होता।फिर सवाल लोकसेवकों यानी प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही का भी है। वे खुद कितने निष्ठावान रह गए हैं, इस पर प्रश्नचिह्न लगातार गाढ़ा ही होता गया है। छिपी बात नहीं है कि हर सत्ता पक्ष प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस का इस्तेमाल अपने मन मुताबिक करने का प्रयास करता है। इसीलिए जब भी सरकार बदलती है, तो बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले किए जाते हैं। अगर कोई अधिकारी वास्तव में सरकार के कामकाज पर अंगुली उठाने का प्रयास करता है, तो तबादलों और मुकदमों के चक्र में ऐसा फंसाया जाता है कि वह अपना काम ठीक से कर ही नहीं पाता। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारियों की सत्ता से करीबी बनाए रखने की प्रवृत्ति बनती गई है। वे महत्त्वपूर्ण और 'कमाई' वाले माने जाने वाले पदों पर पहुंचने के लिए प्रकट रूप से जोड़-तोड़ भी करते देखे जाते हैं। ऐसे में यह सवाल अनुत्तरित ही रह जाता है कि क्या वास्तव में प्रशासनिक अधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाह कर पाएंगे।

# यूकाडा के वित्त नियंत्रक की हेलीकॉप्टर के टेल रोटर की चपेट में आने से मौत

## केदारनाथ में हेली सेवाओं के क्रेज के साथ बढ़ रहे हादसे, अब तक हो चुकी 33 मौतें

देहरादून/रूद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। केदारनाथ में एमआई-26 हेलीपैड के निरीक्षण को पहुंचे यूकाडा के वित्त नियंत्रण अमित सैनी की हेलीकॉप्टर के टेल रोटर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा सहित अन्य जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। रविवार को यूकाडा के वित्त महाप्रबंधक अमित सैनी हेलीपैड निरीक्षण व हेलीकॉप्टर सेवा व्यवस्थाओं का जायजा लेने केदारनाथ पहुंचे हुए थे। दोपहर बाद लगभग पौने एक बजे वह वापस लौटने के लिए हेलीकॉप्टर की तरफ गए। लेकिन अचानक हेलीकॉप्टर के टेल रोटर की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जब वह हेलीकॉप्टर की तरफ जा रहे थे, उन्हें पीछे से कई लोगों ने आवाज भी दी कि वह उल्टी तरफ से जा रहे हैं। लेकिन उन्हें सुनाई नहीं दिया। हादसे के दौरान केदारनाथ में मौजूद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि उन्हें जो जानकारी मिली है, उसके हिसाब से यूकाडा वित्त नियंत्रक हेलीकॉप्टर में बैठने के लिए दूसरी तरफ से जा रहे थे, जिस कारण वह टेल रोटर की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा शव का पंचनामा किया जा रहा है। जिसके बाद शव को संभवत: देहरादून भेजा जाएगा। इधर, पुलिस अधीक्षक डा. विशाखा अशोक भदाणे ने बताया कि हादसे के कारणों का सही पता जांच के बाद ही लग पाएगा। उन्होंने सेल्फी लेने के चलते हादसा होने की बात को पूरी तरह से नकारा है। केदारनाथ धाम में हेली सेवाओं के बढ़ते क्रेज के साथ ही दुर्घटनाओं की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। रविवार को यूकाड़ा के अधिकारी की हेलीकॉप्टर की पंखुडी से सिर कटने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इससे पूर्व वर्ष 2010 में भी एक हेली कंपनी के कर्मचारी का भी हेलीकॉप्टर की पंखुड़ी से गर्दन कटने से दर्दनाक मौत हो गई थी। इस वर्ष यात्रा शुरू होने से पहले ही हेलीकॉप्टर से हुई दुर्घटना में एक यूकाड़ा अधिकारी की मौत हो गई। जबकि अभी हेली सेवाएं शुरू भी नहीं हुई थी। यूकाड़ा अधिकारी निरीक्षण के लिए केदारनाथ धाम गया हुआ था। गत वर्ष भी हेली दुर्घटना में पायलट व छह तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। केदारघाटी में पिछले एक दशक में आठ बड़ी हेली दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं। वर्ष 2010 की 12 जून को प्रभातम हेली कंपनी के हेलीकॉप्टर से केदारनाथ हेलीपैड पर एक हेली कर्मचारी का सिर कटने से मौत हो गई थी, वहीं दुर्घटना में हेलीकॉप्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया था, आक्रोशित जनता ने हेलीकॉप्टर में तोड़ फोड़ करने के साथ ही पायलट की भी जमकर पिटाई की, रात्रि को पुलिस की मदद से पायलट को पालकी में बैठाकर गौरीकुंड लाया गया। केदारनाथ आपदा के दौरान तीन हेली दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 23 की मौत हुई। केदारघाटी में हेली दुर्घटनाओं को लेकर काफी संवेदनशील है, बावजूद इसके केदारनाथ में रोजाना यात्रा सीजन में ढाई सौ से अधिक उड़ाने हेलीकॉप्टर भर रहे हैं।21 जून 2013- राहत व बचाव कार्य में लगा एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर 21 जून को जंगल चट्टी के समीप क्रैश हो गया था। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई थी।25 जून 2013- वायुसेना का हेलीकॉप्टर-20 जवानों की मौत। इसमें वायु सेना के 2 पायलट समेत 5 क्रू-मेंबर, एनडीआरएफ के 9 सदस्य और आइटीबीपी के 6 लोग शामिल थे।28 जून 2013- केदारनाथ से दो किलोमीटर दूर गरुड़ चट्टी के पास एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस दुर्घटना में पायलट व को-पायलट समेत 3 की मौत हुई थी। यह हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू में लगा था।25 मई 2016- केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए टेकऑफ करते समय एक हेलीकॉप्टर का अचानक दरवाजा खुल गया था। राहत की बात ये थी कि उसमें सवार सभी यात्री सुरक्षित निकाल गए थे।3 अप्रैल 2018- निर्माण सामग्री ले जा रहा एमआई-17 हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था। इस हादसे में हेलीकॉप्टर दो हिस्सों में टूट गया था, जिसमें आग लग गई थी। कोई जनहानि नहीं हुई।18 अक्टूबर 2022- केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी मस्ता आ रहा हेलीकॉप्टर मौसम खराब के कारण क्रैश हो गया। इस घटना में पायलट सहित 7 लोगों की मौत हो गई।








# ढेला इंटर कालेज में पेशावर विद्रोह जयंती पर हुए कार्यक्रम

रामनगर(उद संवाददाता)। ढेला इंटर कालेज में पेशावर विद्रोह की 93 वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चंद्रसिंह गढ़वाली व उनके साथी विद्रोही सिपाहियों को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रसिंह गढ़वाली के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।बच्चों को संबोधित करते हुए अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदुइमठपाल ने कहा 23 अप्रैल 1930 को चंद्र सिंह गढ़वाली के नेतृत्व में अंजाम दिए गए पेशावर विद्रोह को 93 वर्ष पूरे हो गए हैं। अंग्रेजी फौज में रहते हुए पख्तून स्वतंत्रता सेनानियों पर गोली चलाने से इंकार करने की इस घटना ने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई का एक नया मोर्चा खोल दिया।इस घटना ने अंग्रेजों को इस कदर हिला कर रख दिया कि इन सिपाहियों पर जब कार्यवाही करने की नौबत आई तो अंग्रेजी ने 23 अप्रैल को आदेश नहीं मानने का मुकदमा उन पर नहीं चलाया बल्कि 24 अप्रैल को हुक्म उदूली का मुकदमा चला कर इनका कोर्ट मार्शल किया। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता संत सिंह ने कहा यह भारत के स्वाधीनता आंदोलन का एक गौरवशाली अध्याय है,जहां बेहद कम पढ़े-लिखे साधारण सिपाहियों ने अंग्रेजों की फूट डालो-राज करो की नीति को पलीता लगा दिया।गढ़वाली फौज को पेशावर में उतारा ही इसलिए गया था ताकि इसे हिन्दू-मुसलमान का मामला बनाया जा सके।खान अब्दुल गफ्फार खान के लाल कुर्ती दल का प्रदर्शन होना था और




गढ़वाली फौज से गोली चलवाई जानी थी।इसे सीधे-सीधे साम्प्रदायिक विभाजन की खाई चौड़ी होती।पेशावर में गोली चलाने की भूमिका बनाते हुए, अंग्रेज अफसर ने इन सिपाहियों को हिन्दू-मुसलमान के झगड़े की बात ही समझाने चाही।पेशावर में गढ़वाल राइफल के इन सिपाहियों ने जो कारनामा अंजाम दिया,उसने इस देश की गंगा-जमुनी तहजीब को बुलन्द किया।अंग्रेजों द्वारा इन्हें मुसलमानों के खिलाफ घृणा के सिपाही में तब्दील करने की कोशिश को ध्वस्त कर दिया। शिक्षक बालकृष्ण चंद ने कहा आज चंद्र सिंह गढ़वाली और उनके सैनिक साथियों के उस साहसिक कारनामे को याद करने की जरूरत है। इन सिपाहियों ने अंग्रेजों के द्वारा एक साम्प्रदायिक कांड रचने की कोशिश के खिलाफ खड़े हो कर,उसे अंग्रेजी राज के खिलाफ एक बहादुराना विद्रोह में तब्दील कर दिया। पेशावर में गढ़वाली पल्टन द्वारा किया गया विद्रोह भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना थी।शिक्षक सुभाष गोला ने कहा कहा अंग्रेजों के देश से चले जाने के बाद भी गढ़वाल में अकाल, पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों की हड़ताल, सड़क, कोटद्वार के लिये दिल्ली से रेल का डिब्बा लगे ऐसे तमाम सवालों पर उन्होंने आंदोलन किए। पेशावर विद्रोह से लेकर 1979 में जीवन के अंतिम क्षण तक चंद्र सिंह गढ़वाली निरंतर स्वाधीनता आंदोलन से लेकर तमाम जन संघर्षों में शामिल रहे। इसमें जेलों के भीतर की अव्यवस्था और राजनैतिक बंदियों के लिये की जाने वाली भूख हड़तालें भी शामिल हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव भी लड़ा और जन संघर्षों से अंतिम समय तक जुड़े रहे।बच्चों द्वारा इस अवसर पर चंद्र सिंह गढ़वाली का चित्र भी बनाया गया।प्रधानाचार्य श्री श्रीराम यादव द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कृत भी किया गया।इस मौके।चत प्रधानाचार्य श्रीराम यादव,नवेंदु मठपाल, संत सिंह,शेलेंद्र भट्ट,बालकृष्ण चंद, नरेश कुमार,सविता रावत,उषा पवार,सुभाष गोला मौजूद रहे।

# स्व.सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की पुण्यतिथि मनायी

काशीपुर। जन जीवन उत्थान समिति द्वारा स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया जी की तेरहवीं पुण्यतिथि पर स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विषय था स्वर्गीय सतेंद्र चंद्र गुड़िया जी का काशीपुर के विकास में समर्पण, गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। इस मौके पर शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की स्वर्गीय सतेंद्र चंद्र गुड़िया सत्य के पक्षधर ,विकास के जन्मदाता तथा स्पष्ट वादी थे उन्होंने काशीपुर के विकास के संकल्प को आगे बढ़ाया और काशीपुर के विकास को प्राथमिकता देते हुए शिखर पर पहुंचाया ।आज भी काशीपुर का जनमानस उनकी यादों को संजोए हुए स्वर्ग में उनके नेतृपटल से यह कामना करता है कि वह स्वर्ग से अपनी आंखों से काशीपुर क्षेत्र को



देखें और एक ऐसी दिव्य ज्योति प्रज्वलित करें जिससे काशीपुर का रुका हुआ विकास पुनः हो सके। उनके विचारों तथा स्वप्नों में एक उन्नत काशीपुर की तस्वीर थी आज उनकी पुण्यतिथि पर उनको शत-शत नमन करते हुए काशीपुर के विकास की प्रतिज्ञा लेना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम सब उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम कर उनके आदर्शों पर चलने की शपथ लेते हैं। इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, सैयद आसिफ अली, अमृतपाल सिंह एडवोकेट, जहांगीर आलम एडवोकेट, रहीस अहमद एडवोकेट, जया मिश्रा, ममता मिश्रा, मुमताज एडवोकेट आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# चमोली और चंपावत में बनेंगे सैनिक स्कूल

देहरादून। चमोली और चंपावत में सैनिक स्कूल बनाने की तैयारी है, जबकि रुद्रप्रयाग के जखोली में सैनिक स्कूल के नाम पर 10 करोड़ खर्च करने के बाद इसका प्रस्ताव ठंडे बस्ते में हैं। कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम श्रीनगर की ओर से इस स्कूल के लिए 284 करोड़ 96 लाख का प्राक्कलन तैयार कर इसे शासन को भेजा गया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों का कहना है स्कूल निर्माण की लागत बहुत अधिक है। प्रदेश में अभी एकमात्र सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में हैं। इसका संचालन रक्षा मंत्रालय की ओर से किया जाता है। इस स्कूल के अलावा रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में वर्ष 2015-16 में सैनिक स्कूल के निर्माण पर सहमति बनी थी, लेकिन स्कूल निर्माण को लेकर मामला काफी समय तक शिक्षा विभाग और सैनिक कल्याण विभाग की खींचतान में फंसा रहा।इस बीच सैनिक कल्याण एवं मंडी परिषद से 10 करोड़ रुपये इस स्कूल के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को दिए गए थे, लेकिन यूपी निर्माण निगम ने यह धनराशि बाउंड्रीवाल और रास्ता बनाने में ही खर्च कर दी। पिछले साल 30 अगस्त 2022 को अधूरे पड़े सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य का जिम्मा सैनिक कल्याण विभाग से शिक्षा विभाग को सौंपा गया। वहीं यूपी निर्माण निगम से काम हटाकर उत्तराखंड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम श्रीनगर को कार्यदायी संस्था नामित किया गया। कार्यदायी संस्थान की ओर से 284 करोड़ 96 लाख का प्राक्कलन तैयार कर इसे शासन को भेजा गया है, लेकिन इस स्कूल की लागत बहुत अधिक बताई जा रही है। रुद्रप्रयाग से भाजपा विधायक भरत चौधरी के मुताबिक रक्षा मंत्रालय से स्कूल की फिर से फाइल तैयार कराई गई है। प्रयास किया जा रहा है कि नवरत्न कंपनियों से सीएसआर फंड लेकर स्कूल का निर्माण होगा।

## पेज एक का शेष...

**एसडीआरएफ मुख्यालय का...**याद कर हर कोई सहम जाता है। हर किसी के सामने वो मंजर दौड़ने लगता है। जब 2013 में केदारनाथ जब भयंकर जलप्रलय आई थी तो तब लोगों को रेस्क्यू कर देहरादून एयरपोर्ट पहुंचाया था। उस वक्त पूरा रेस्क्यू ऑपरेशन जौलीग्रांट एयरपोर्ट से ही संचालित किया गया था। उस समय कोई सुविधा ना होने के कारण एयरपोर्ट की भूमि पर सेना के अस्थायी ऑफिस और आवास बनाए गए थे। उसी जगह पर अब एसडीआरएफ की ऑफिस और आवासीय कॉलोनियां बनाई जा चुकी हैं। इसके सभी निर्माण कार्य भी पूरे कर लिये गए हैं।

**पुलिस ने ३२८ गुमशुदा...**लोहनी के पर्यवेक्षण में प्रभारी साईबर सैल निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में आरक्षी किशन सिंह कुँवर, आरक्षी नरेश मेहरा, आरक्षी बलवन्त सिंह बिष्ट, महिला आरक्षी पूजा चौधरी के द्वारा शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर माह जनवरी 2023 से अब तक की आईएमईआई नम्बरों को प्रभारी एसओजी राजवीर नेगी के माध्यम से सर्विलांस में लगाये जाने के उपरान्त 328 मोबाइलो की आईएमईआई का प्रचलन में होना पाया गया।

**राईस मिल एसोसिएशन....** उत्तर प्रदेश की तर्ज पर प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा किसानों से सीधे खरीद करने पर मंडी शुल्क एवं विकास स की छूट प्रदान की जाए, ऐसा उत्तर प्रदेश में किया गया है। चावल को उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद विकास एवं विनियमन अधिनियम की निदृष्ट कृषि उत्पाद की सूची से बाहर की जाये। उन्होंने सीएम से मांग करते हुये कहा कि सरकार इस साहसिक निर्णय को लेकर राइस मिलर्स एवं फ्लोर मिलर्स एवं किसानों को त्वरीत निर्णय लेकर राहत प्रदान करेगी। इस मौके पर राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, महामंत्री रितेश गोयल, वरिष्ठ समाजसेवी शिव कुमार मित्तल, नरेश कंसल, अर्पित गर्ग आदि मौजूद रहे।

**डिप्लोमा फार्मसिस्ट...** किये जाने, इमरजेंसी हेतु फार्मेसरों की नियुक्ति, 63 पदों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अधीन वी आई पी ड्यूकी यात्रा मार्गो, मेलों आदि के प्राष्टगत क्रियाशील किये जाने, सेवा नियमावली को प्रख्यापित किए जाने, फार्मेसी रेगुलेशन प्रोसीस 2015 का कडाई से पालन किए जाने, पदनाम परिवर्तन किए जाने, आदि मांगे शामिल हैं। इस दौरान विरोध प्रदर्शित करने वालों में आरएस रौतेला, पीएस राणा, अनूप रावत, एससी सती, जीपी मिश्रा, एमएन गोस्वामी, सुरेश वर्मा, किशोर विश्वकर्मा, डीके जोशी, आरएस अधिकारी, जेएल शाह , एचसी पोखरिया, जेपी आर्या आदि मौजूद थे।

**सड़क हादसे में....**लालकुआं की ओर आ रहे थे कि अचानक सामने से एक ट्रक आ गया और उससे बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से जैसे तैसे विपुल तिवारी को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद से ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# डीएम ने यात्रियों से पूछा हालचाल,पंजीकरण के लिए बढ़ाए जाएंगे दो अतिरिक्त काउंटर

ऋषिकेश। चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र में अव्यवस्थाओं के खुलासे और तीर्थयात्रियों के हंगामे के बाद जिला प्रशासन की नींद टूटी है। रातों-रात पंजीकरण काउंटर के बाहर यात्रियों को धूप से बचाव के लिए कैनोपी लगा दी गई, पर उसमे कूलर नहीं लगे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बना दिया गया है। यात्रियों को पेयजल मुहैया कराने के लिए दो आरओ वाटर कूलर भी लगाए गए हैं। मात्र दो शौचालय हैं, जिससे भीड़ बढ़ने पर परेशानी झेलनी पड़ सकती है। रेलवे स्टेशन के पास राही मोटल में चारधाम यात्रा के लिए पर्यटन विभाग ने ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र खोला है। बीते दो दिनों तक निर्धारित समय पर काउंटर नहीं खुलने से तीर्थयात्रियों ने जमकर हंगामा किया था। अव्यवस्थाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इससे जिला प्रशासन की किरकिरी हुई, लेकिन शनिवार को डीएम के निरीक्षण से पहले ही व्यवस्थाएं चौकस हो गईं। केंद्र पर काउंटर सुबह निर्धारित समय पर खुल गए। सीमित यात्री संख्या की बाध्यता खत्म होने से भी बड़ी राहत मिली। इससे पंजीकरण के लिए मारामारी कम हो गई। पर्यटन विभाग ने आनन-फानन में पंजीकरण काउंटरों के बाहर यात्रियों के धूप से बचाव के लिए कैनोपी लगा दी। परिसर में कैनोपी से 40 तीर्थयात्रियों की क्षमता वाला एक प्रतीक्षालय भी बना दिया गया है। पंजीकरण केंद्र परिसर में केवल एक पुरुष और एक महिला शौचालय है। अभी रोजाना करीब 500 तीर्थ यात्री



पंजीकरण के लिए केंद्र में पहुंच रहे है। ऐसे में दो शौचालय तीर्थयात्रियों की संख्या के हिसाब से पर्याप्त नहीं हैं। जब यात्रियों की संख्या बढ़ेगी तो शौचालय की कमी से यात्रियों को असुविधा होगी। वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश कुमार यादव का कहना है कि राही मोटल में जीएमवीएन के शौचालय भी हैं, जिनका प्रयोग किया जाता है। पंजीकरण केंद्र में 12 घंटे काम कर रहे छह कर्मचारीएथिक्स इंफोटेक को चारधाम यात्रा के पंजीकरण का ठेका दिया है। पर्यटन विभाग का कहना है कि तीर्थ यात्रियों संख्या बढ़ने पर शिफ्टवार कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।चारधाम यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था चरमराने के बाद डीएम विनय शंकर पांडेय ने शनिवार को राही मोटल स्थित पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर जिला पर्यटन अधिकारी को पंजीकरण काउंटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही पंजीकरण के नाम पर ठगी रोकने, निशुल्क यात्रा पंजीकरण कराने और समय सारणी की जानकारी देने को पोस्टर लगाने को कहा।डीएम चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पहुंचे और जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव से पंजीकरण काउंटरों की जानकारी ली। यादव ने डीएम को बताया कि पंजीकरण केंद्र में छह काउंटर बनाए गए है। हालांकि, स्लॉट व्यवस्था समाप्त होने के बाद से पंजीकरण काउंटर पर पहले दो दिनों के मुकाबले शनिवार को यात्रियों की संख्या काफी कम थी।डीएम ने एक काउंटर का शीशा न खुलने पर नाराजगी जताई। वहीं, पंजीकरण के लिए मौजूदा कंप्यूटर आदि उपकरणों को पर्याप्त न मानते हुए पर्यटन अधिकारी को संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। कहा कि पंजीकरण केंद्र में दो नए काउंटर खोले जाएं। पंजीकरण केंद्र के पास वाटर कूलर पर यात्रियों की सुविधा के गिलास रखे जाएं। एसडीएम पूरण सिंह राणा ने डीएम को बताया कि बुजुर्ग यात्रियों को पानी पिलाने के लिए रविवार से कर्मचारी लगाए जाएंगे। डीएम ने कहा कि पंजीकरण के लिए यात्रियों से पैसे लेने की शिकायत भी मिल रही है। यात्रियों से पंजीकरण के नाम पर अवैध वसूली न हो। डीएम ने चारधाम यात्रियों से पंजीकरण के दौरान आ रही दिक्कतों की जानकारी ली। उन्होंने स्वयं यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां दी। एक यात्री ने बताया कि वह नेपाल के काठमांडू से आया है। डीएम ने अफसरों से कहा कि इतनी दूर से तीर्थयात्री चारधाम के लिए आ रहे है। यात्रियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। कराया जाए। इसमें राज्य सरकार से भी कुछ मदद ली जा सकती है।

# पिंडारी ग्लेशियर से 16 ट्रैकर का दल सकुशल लौटा

बागेश्वर। पिंडारी ग्लेशियर की ट्रैकिंग पर गया 14 अमरिकी ट्रैकर समेत 16 ट्रैकर का दल रविवार को सकुशल लौट आया है। शुक्रवार को दल का संपर्क कुछ समय के लिए प्रशासन और ट्रैकिंग पर भेजने वाली एजेंसी से टूट गया था। इसके बाद दल को वापस लाने के लिए एसडीआरएफ के जवानों के साथ ही अन्य कर्मियों को पिंडारी ग्लेशियर भेजा गया था। दल के सदस्य बचाव दल के साथ रविवार सुबह छह बजे द्वाली से कपकोट के लिए निकले थे। दोपहर करीब दो बजे दल कपकोट पहुंच गया था। वहां एसडीएम मोनिका और अन्य अधिकारियों ने दल के गाइड बेंगलुरु निवासी प्राणेश, गाइड कालाढुंगी (नैनीताल) निवासी गौरव पंत, अमेरिकी पर्वतारोही सारा मार्टिन, एडन ग्लेमेनकोहन, एलिसन माये, बेटन राइट, कैटलिन पाइपर, विलियम कार्टर, कोन्नोर व्हाइट, एलिस डिलिसिया, एमिली सर्मिंटो, लाइन पिकेल, लिली व्हीलर, लोगान मोया, सैम्युअल क्लोसवर्थी और टेलर जॉय पेंजुनेन से जरूरी जानकारी हासिल की।



# कोरोना से 86 मरीज संक्रमित

देहरादून। प्रदेश में शनिवार को कोरोना संक्रमण के 86 नये मामले सामने आए हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 366 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे के भीतर 409 सैंपलों की जांच की गई। इसमें 86 लोग संक्रमित पाए गए। देहरादून जिले में 48, नैनीताल में 19, अल्मोड़ा में 6, हरिद्वार में 5, ऊधमसिंह नगर में तीन, बागेश्वर व टिहरी में दो-दो, पौड़ी जिले में एक संक्रमित मिला है। 103 संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं। वर्तमान में कुल 366 सक्रिय मामले हैं।वहीं प्रदेश में कोराना मरीजों की बढ़ते आकड़े चिता बढ़ा रहे हैं।

**सूचना सम्बंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विनोद अपने परिवार के साथ अलग रहता है और मेरी सम्पत्ति पर कब्जे के लिए आये दिन झगड़े करता है। पुत्र विनोद व उसकी पत्नी चन्द्रवती तथा उसके पुत्रों का परिजनों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। जिस कारण मैंने पुत्र विनोद व उसकी पत्नी चन्द्रवती के साथ ही उसके पुत्रों राकेश व प्रदीप से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में विनोद, उसकी पत्नी चन्द्रवती तथा पुत्रों राकेश व प्रदीप द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**अशरफी देवी पत्नी स्व. श्री ओमप्रकाश**
**निवासी- रम्पुरा, वार्ड ८, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सरखेत प्रभावित 13 परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये के सहायता राशि के चेक सौंपे

देहरादून। मालदेवता क्षेत्र के सरखेत में आपदा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत का मरहम लगाया। मुख्यमंत्री ने प्रभावित 13 परिवारों को तीन-तीन लाख रुपये के सहायता राशि के चेक प्रदान किए। साथ ही अधिकारियों को राहत और सुरक्षा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरखेत में प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र में चल रहे राहत कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में स्थिति पूर्ववत करने के लिए कार्यों में और तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित भैंसवाड़ा व छमरौली के 13 परिवारों को राहत राशि के चेक भी वितरित किए। जिसके तहत उन्हें प्रथम किस्त के तीन-तीन लाख रुपये प्रदान किए गए।मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि क्यारा-धनोल्टी मार्ग के अवशेष चार किमी मोटर मार्ग का निर्माण जल्द किया जाएगा। मालदेवता के समीप लालपुला-सिला- मोलधार-सुवाखोली मोटर मार्ग के निर्माण के लिए केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अगस्त में जब इस क्षेत्र में आपदा आई थी, उस समय जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य के लिए सराहनीय कार्य किया। हेलीकाप्टर के पायलट ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर आमजन को बचाया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरखेत में पिछले वर्ष आई आपदा में प्रभावितों को आज भवन निर्माण के लिए पट्टे के कागज व प्रत्येक प्रभावित परिवारों को सहायता राशि दी जा रही है। यह प्रदेश के अंदर पहला विस्थापन है, जो सबसे जल्दी हुआ है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिलाधिकारी सोनिका, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शमशेर सिंह पुंडीर, वीर सिंह चौहान, अनुज कौशल, ग्राम प्रधान सरखेत नीलम कोटवाल, बालम सिंह उपस्थित थे।





# चारधाम यात्रा पर निः शुल्क मेडिकल सेवाओं के लिये टीम को किया रवाना




देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम को बदरीनाथ, रुद्रनाथ व हेमकुंट साहिब यात्रा में निःशुल्क मेडिकल सेवाओं हेतु रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड मेडिकल सर्विस की टीम अत्यंत सराहनीय कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा टीम को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। रुबेंतकींउल्जतं में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनाने हेतु हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, श्री गणेश जोशी, श्री चन्दन राम दास, विधायक श्री प्रमोद नैनवाल एवं सिक्स सिग्मा मेडिकल टीम के सदस्य उपस्थित रहे।




# घर में सिलेंडर में आग लगने से तीन लोग झुलसे

## शादी की सिल्वर जुबली मानने की हो रही थी तैयारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंगल पड़ाव क्षेत्र के अंबेडकर नगर मोहल्ले में शादी की 25वीं सालगिरह की तैयारी के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने से कारीगर सहित तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। मामले की जानकारी मिलने पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह व तहसीलदार संजय कुमार ने मौके का निरीक्षण का चिकित्सालय पहुंच घायलों का हाल जाना। जानकारी के अनुसार गत दोपहर मंगल पड़ाव अंबेडकर नगर में प्रताप सागर की शादी की 25 वीं सालगिरह की तैयारियां चल रही थी। कारीगर लखनपुरिया खाना तैयार कर रहा था। राकेश राजपूत कारीगर के साथ मदद कर रहा था। अचानक गैस सिलेंडर का पाइप लीक होने के कारण पाइप फट गया और आग की लपट निकलने लगी। मकान के अंदर एक ही रास्ता होने के कारण तीनों कमरे से बाहर नहीं निकल पाए और उन्होंने शोर मचाया। लोगों ने रेत व घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग आसपास रखी अन्य सामान को भी अपनी चपेट में ले लिया। जैसे-तैसे लोगों ने कमरे में फंसे तीन लोगों को बाहर निकाला। तब तक प्रताप सागर उम्र 50 वर्ष एवं लखन पुरिया उम्र 68 वर्ष व राकेश राजपूत उम्र 56 वर्ष आग की चपेट में आने से झुलस गये। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। घायल प्रताप सागर को निजी अस्पताल व लखन व राकेश को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मुश्किल से आग पर काबू पाया। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह भी पहुंच गई। उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत की और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए। साथ ही घायलों के परिजनों से बातचीत की और उनको हिम्मत दी। तहसीलदार संजय कुमार ने भी घायलों का हाल जाना।





# डंपर से गिरकर मासूम बच्ची की मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिवस आंवला चौकी क्षेत्र में गौला नदी के किनारे डंपर पर चढ़कर खेल रही एक 6 वर्षीय बच्ची डंपर से नीचे गिर गई। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए बेस चिकित्सालय ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि आंवला चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गौला नदी के पास सड़क किनारे खड़े डंपर में एक 6 साल की बच्ची अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान बच्ची असंतुलित होकर अचानक डंपर से नीचे गिर गई। जिसमें उसे काफी चोटें आ गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर आ गए और आनन-फानन में घायल बच्ची को बेस हॉस्पिटल में भर्ती कराया। लेकिन डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव का पंचनामा भरकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसके बाद बच्ची का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। बेस हॉस्पिटल के डॉक्टर निखिल कुटियाल ने बताया बच्ची के सिर में गहरी अंदरूनी चोट लगी थी।

# युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, गुमशुदगी दर्ज

काशीपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक और युवती बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब होती का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर हरिनगर ढकिया कला कुंडेश्वरी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री पिछले 22 अप्रैल से बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवती का पता लगाना शुरू कर दिया।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मिनी स्टेडियम में गत दिवस तीन दिवसीय जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। जिसमें खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में नैनीताल जिले के कई क्षेत्रों से कराटे प्रतियोगी पहुंचे हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ नैनीताल स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी राकेश कुमार और रेशम विभाग के उपनिदेशक और पूर्व मिस उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग हेमचंद्र ने संयुक्त रूप से किया। आयोजक मंडल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिले से करीब 300 से अधिक प्रतियोगी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिनमे 6 साल से लेकर 22 साल तक के कराटे प्रतियोगी शामिल हैं। चौंपियनशिप में जो भी खिलाड़ी विजेता होगा वह राज्य स्तरीय कराटे चौंपियनशिप देहरादून में भाग लेगा जो आगामी मई माह में होनी है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। हल्द्वानी में आयोजित प्रतियोगिता में होनहार खिलाड़ियों का चयन होना है इसके लिए खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को दिखा रहे हैं।आयोजकों का कहना है कि चौंपियनशिप कराने का मुख्य उद्देश्य है कि उत्तराखंड के बच्चे अधिक से अधिक खेलों से जुड़ सकें। जिससे कि बच्चों का भविष्य बेहतर हो और वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि आज के सोशल मीडिया और भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चे खेल से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे में इस तरह के आयोजन से बच्चों को खेल के प्रति रुचि भी बढ़ेगी।



# राजभवन में होगी 'मन की बात' कार्यक्रम के 100 वें संस्करण की विशेष स्क्रीनिंग

देहरादून। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" कार्यक्रम के आगामी 30 अप्रैल को 100 संस्करण पूरे होने वाले हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मन की बात के 100 वें संस्करण को विशेष बनाने के लिए देश के सभी राजभवनों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में होने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों के साथ चर्चा की। कार्यक्रम के सम्बन्ध में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों जानकारी देते हुए बताया कि मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण की राजभवन में विशेष स्क्रीनिंग होगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में प्रसिद्ध लोगों, जनप्रतिनिधियों सहित आदि को आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश से, पूर्व के मन की बात कार्यक्रम में जिन लोगों के कार्यों की सराहना की गई है, उन्हें भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पीआईबी द्वारा राजभवन प्रांगण में प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी का गर्व का विषय है कि हम मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने रेडियो को एक पहचान दी है। रेडियो की लोकप्रियता धीरे-धीरे कम हो रही थी जो मन की बात के कारण अब बढ गई है। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय से सभी तैयारियां पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, परिसहाय अमित श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

